प्रेस विज्ञप्ति

01 अक्टूबर 2015

रणदीप सिंह सुरजेवाला, मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी; श्री पवन वर्मा, सांसद एवं मुख्य प्रवक्ता, जनता दल (यूनाईटेड) व श्री मनोज झा, मुख्य प्रवक्ता, राष्ट्रीय जनता दल ने आज निम्नलिखित बयान जारी किया:-

16 महीने से समूचा देश और बिहार यह पूछ रहा है, कि- 'कब अच्छे दिन आने वाले हैं' या 8 नवंबर के बाद 'मोदी फिर बरगलाने वाले हैं'।

वायदे बनाम सच्चाई:-

मोदी सरकार के गठन के 16 महीने बाद:-

1. खेती से नहीं सरोकार, ऐसी रही मोदी सरकार - किसान कांटों पे करवटें बदल रहा है, और सरकार मालदारों का मलमल धारण किए घूम रही है। देश में कुल खाद्यान्न का उत्पादन 123.60 लाख टन कम हो गया है। (साल 2013-14 में 2650 लाख टन के मुकाबले साल 2014-15 में 2520 लाख टन)। किसान को लागत पर 50 फीसदी मुनाफा देने का वायदा रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। कृषि निर्यात भारी मात्रा में गिरा है। साल 2014-15 में केवल गेहूं, चावल व मक्का के निर्यात में 135 लाख टन की कमी आई है। किसान पक्षधर 'उचित मुआवज़ा कानून, 2013' पर मोदी जी के 'अध्यादेश के ग्रहण' के खिलाफ समूचे किसान वर्ग ने देशभर में सोनिया जी व राहुल जी के नेतृत्व में निर्णायक लड़ाई लड़ कामयाबी पाई है।

2. उद्योग ठप्प, ठंडा व्यापार, ऐसी रही मोदी सरकार - कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्र